# ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
## असम परिसम्पत्ति, नाजिरा –785685

**विज्ञापन सं.: 1/2019 (आर एंड पी) (नॉन-एक्जीक्यूटिव हेतु) (ओएनजीसी असम)**

**ऑनलाइन आवेदन www.ongcindia.com पर 07.01.2019 से 27.01.2019 को 1800 बजे तक**

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), सार्वजनिक क्षेत्र का एक "महारत्न" उद्यम एवं भारत का प्रमुख ऊर्जा उत्पादक, भारत तथा विदेश में तेल एवं गैस के अन्वेषण और उत्पादन में संलग्न है। ऊर्जा उत्पादन में एक वैश्विक उद्यमी, जिसकी भारत के घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन में लगभग 70% की हिस्सेदारी है। वर्तमान में ओएनजीसी अपनी सहायक कंपनी ओएनजीसी विदेश के माध्यम से 20 देशों में 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी निवेश के साथ भारत का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय निगम है।

ओएनजीसी, विकास पर केन्द्रित पेशेवर तरीके से प्रबंधित एक संगठन है जो योग्यता-उन्मुख प्रगति के अवसर के साथ देश में कंपनी की लागत (सीटीसी) नियमों के अंतर्गत सर्वोत्तम वेतन पैकेज का प्रस्ताव रखता है।

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड निम्न वर्णितानुसार वेतनमानों के साथ असम में स्थित ओएनजीसी के कार्यालयों के लिए निम्नलिखित पदों पर चयन हेतु **असम राज्य की नागरिकता** प्राप्त युवा तथा ऊर्जावान भारतीय नागरिकों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है।

इनमें से अधिकतर नौकरियां पाली (शिफ्ट) में बाह्य क्षेत्र कार्य स्वरूप वाले हैं जिनमें पर्याप्त शारीरिक श्रम और तकनीकी कौशल अपेक्षित है। प्रचालन का स्वरूप अर्ध-अस्थिर होने के कारण इस पेशे में आपका स्थानांतरण देश के किसी भी स्थान पर किया जा सकता है।

---

## क. वेतनमान, परिलब्धियां तथा अन्य लाभ

| क्र. सं. | पद स्तरमूल | मूल वेतनमान (संशोधन-पूर्व) | भत्ते |
|---|---|---|---|
| 1 | ए-2 स्तर | रु. 12,000 – 27,000/-# | इसके अतिरिक्त कैफेटेरिया अप्रोच के अंतर्गत मूल वेतन के 47% की दर पर भत्ता, महंगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, स्वयं व आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, स्वयं अभिदायी सेवानिवृत्ति के बाद की लाभ योजना (पीआरबीएस), संयुक्त सामाजिक सुरक्षा योजना (सीएसएसएस), ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति लाभ, खनन भत्ता, अभिदायी भविष्य निधि (सीपीएफ), परिवहन भत्ता, वास्तविक कार्य-निष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी) इत्यादि भी समय-समय पर जारी कंपनी कंपनी नियमावली के अनुसार उपलब्ध कराए जाते हैं।# |
| 2 | ए-1 स्तर | रु. 11,000 –24,000/-# | |
| 3 | डब्ल्यू-1 स्तर | रु. 10,000 –18,000/-# | |

*#01.01.2017 से वेतनमान में संशोधन होना है; उक्त का लाभ कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगा।*

## ख. पदों तथा अनिवार्य योग्यताओं के विवरण:-

## केवल पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित पद

| क्र.सं. | पद | स्तर | निम्न के लिए निर्धारित | निम्न के लिए आरक्षित | सामाजिक आरक्षण यदि 3रे प्रयास में पीडब्ल्यूडी के अलावा अन्य द्वारा भरा गया हो | न्यूनतम अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असिस्टेंट तकनीशियन(बॉयलर) | ए-2 | ओएच (ओएल), एचएच | ओएच-3, एचएच-3 | अ.पि.व. – 1 अनारक्षित –5 | मेकानिकल इंजीन्यरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा के साथ प्रथम श्रेणी का बॉयलर एटेंडेंट प्रमाणपत्र |
| 2 | टेक्नीकल असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट्री) | ए-2 | ओएच (ओए, ओएल, बीएल), एचएच | एचएच-2 | अनारक्षित -2 | रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि |
| 3 | जूनियर असिस्टेंट (स्टेनो इंग्लिश) | ए-1 | ओएच (ओए, ओएल, ओएएल,बीएल), वीएच (बी, एलवी) | वीएच-2 | अनारक्षित–2 | स्नातक के साथ टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट और शॉर्टहैंड में 80 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता । कार्यालय अनुरूपकंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम छह माह की अवधि का प्रमाणपत्र / डिप्लोमा । तालिका 3 के अनुसार कौशल परीक्षा लागू । |
| 4 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | ए-1 | ओएच (ओएल), एचएच | एचएच-1 | अनारक्षित-1 | विज्ञान विषय के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र । विद्युत पर्यवेक्षक के रूप में पात्रता का वैध प्रमाणपत्र अपेक्षित । |
| 5 | जूनियर असिस्टेंट (सामग्री प्रबंधन) | ए-1 | ओएच (ओए, ओएल), एचएच | एचएच -1 | अनारक्षित-1 | भौतिकी अथवा गणित में से किसी एक विषय के साथ बी.एससी. तथा कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम छह माह की अवधि के प्रमाणपत्र / डिप्लोमा के साथ टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता । तालिका 3 के अनुसार कौशल परीक्षा लागू । |
| कुल | | | | 12 [ओएच-3, एचएच-7, वीएच-2] | | |

क्रम सं. 1 से 5 तक के पद पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं । पीडब्ल्यूडी की आरक्षित श्रेणी में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में संबंधित पदों के लिए पीडब्ल्यूडी की अन्य चिह्नित श्रेणियों में उपलब्ध अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकता है । तथापि, दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती प्रक्रिया का तीसरा प्रयास होने के कारण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित पदों को भरने हेतु पर्याप्त संख्या में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में इन पदों पर गैर-पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा सकती है । **अतः इन पदों के लिए गैर-पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी भी आवेदन भेज सकते हैं । तथापि, चयन हेतु प्राथमिकता पहले पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को ही दी जाएगी । गैर-पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों पर तभी विचार किया जाएगा, यदि पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के चयन के बाद भी कुछ पद शेष रह गए हों ।**

**ए-II स्तर [वेतनमान रु. 12,000-27,000]: कुल परिलब्धियां लगभग रु. 32,000/- प्रति माह होगी ।**

| क्र. सं. | पद | कुल | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | अनारक्षित | पीडब्ल्यूडी के लिए निर्धारित | पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित | न्यूनतम अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | असिस्टेंट रिगमैन (ड्रिलिंग) | 01 | - | - | - | 01 | निर्धारित नहीं | - | - | मेकानिकल / पेट्रोलियम इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा । शारीरिक मानदंड विनिर्दिष्टानुसार । |
| 7 | टेक्निकल असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट्री) | 08 | - | 01 | 02 | 05 | ओए, ओएल, बीएल, एचएच | - | - | रसायन विज्ञान में एम.एससी. की उपाधि |
| 8 | असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन) | 25 | 01 | 03 | 07 | 14 | निर्धारित नहीं | - | 4 | मेकानिकाल इंजीन्यरिंग/ केमिकल इंजीन्यरिंग/ पेट्रोलियम इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा । |
| 9 | असिस्टेंट तकनीशियन (मेकानिकल) | 05 | - | 01 | 01 | 03 | ओए, ओएल, एचएच | - | - | मेकानिकल इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | 11 | 01 | 01 | 03 | 06 | ओएल, एचएच | एचएच-01 | 2 | इलेक्ट्रिकल इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा। इलेक्ट्रिकल पर्यवेक्षक के रूप में सक्षमता का वैध प्रमाणपत्र अपेक्षित। |
| 11 | असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 12 | 01 | 02 | 03 | 06 | ओए, ओएल बीएल, एचएच | एचएच-01 | 2 | इलेक्ट्रॉनिक्स/ टेलीकॉम/ ई व टी इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ भौतिकी विज्ञान में एम.एससी. |
| 12 | असिस्टेंट तकनीशियन (इन्स्ट्रूमेनटेशन) | 20 | 01 | 02 | 06 | 11 | ओएल, एचएच | ओएच-01 | 4 | इन्स्ट्रूमेनटेशन इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा। |
| 13 | असिस्टेंट ग्रेड –III (ट्रांसपोर्ट) | 01 | - | - | - | 01 | निर्धारित नहीं | - | - | ऑटो/ मेकानिकल इंजीन्यरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा / व्यवसाय प्रबंधन/ प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा कोई अन्य स्नातकोत्तर।<br>वैध भारी वाहन चालक लाइसेंस अनिवार्य |
| 14 | सेक्यूरिटीसुपरवाइजर | 01 | - | - | - | 01 | एचएच | | | स्नातक उपाधि के साथ सुरक्षा में एक वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।<br>शारीरिक मानदंड विनिर्दिष्टानुसार और शारीरिक क्षमता परीक्षण लागू। |
| 15 | क्लिनिकल असिस्टेंट ग्रेड III (ऑप्टोमेट्री) | 01 | - | - | - | 01 | ओएल, एचएच | | | ऑप्टोमेट्री में स्नातक की उपाधि।*<br>कौशल परीक्षण लागू। |
| **ए-I स्तर [वेतनमान रु. 11,000-24,000]: कुल परिलब्धियां लगभगरु. 30,000/- प्रति माह होगी।** | | | | | | | | | | |
| 16 | जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (केमिस्ट्री) | 05 | - | - | 01 | 04 | ओए, ओएल, बीएल, एचएच | - | - | मुख्य विषय के रूप में रसायन शास्त्र के साथ बी.एससी. |
| 17 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन) | 50 | 03 | 06 | 13 | 27 | निर्धारित नहीं | - | 10 | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और फिटिंग अथवा मैकेनिक ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र** |
| 18 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (सीमेंटिंग) | 03 | - | - | 01 | 02 | निर्धारित नहीं | - | - | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और ऑटो/ फिटिंग अथवा मैकेनिक ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र**<br>वैध भारी वाहन चालक लाइसेंस अनिवार्य |
| 19 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) | 25 | 02 | 03 | 06 | 14 | ओएल, एचएच | एचएच-01 | 5 | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र। विद्युतीय पर्यवेक्षक के रूप में सक्षमता का वैध प्रमाणपत्र अपेक्षित। |
| 20 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (डीजल) | 20 | 01 | 03 | 05 | 11 | निर्धारित नहीं | - | 4 | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और डीजल मैकेनिक में ट्रेड प्रमाणपत्र। |
| 21 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (वेल्डिंग) | 08 | 01 | 01 | 02 | 04 | ओएल, एचएच | - | - | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और वेल्डिंग में ट्रेड प्रमाणपत्र। |
| 22 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (मशीनिंग) | 10 | 01 | 01 | 03 | 05 | निर्धारित नहीं | - | 2 | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और मशीनिंग में ट्रेड प्रमाणपत्र। |
| 23 | जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (फिटिंग) | 10 | - | 02 | 03 | 05 | निर्धारित नहीं | - | 2 | विज्ञान के साथ उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा और फिटिंग में ट्रेड प्रमाणपत्र। |
| 24 | जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (विंच ऑपरेशन) | 12 | 01 | 01 | 03 | 07 | निर्धारित नहीं | - | 2 | उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा के साथ भारी वाहन चालक का वैध लाइसेंस और भारी वाहन चलाने का 3 वर्ष का अनुभव। तालिका 3 के अनुसार वाहन चलाने की परीक्षा। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (हेवी वेहिकल ऑपरेशन) | 01 | - | - | - | 01 | निर्धारित नहीं | - | - | उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा के साथ भारी वाहन चालक का वैध लाइसेंस और भारी वाहन चलाने का 3 वर्ष का अनुभव । तालिका 3 के अनुसार वाहन चलाने की परीक्षा । |
| 26 | जूनियर स्लिंगर कम रिग्गर | 02 | - | - | - | 02 | निर्धारित नहीं | - | - | उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा के साथ भारी वाहन चालक का वैध लाइसेंस और लोडिंग व अनलोडिंग में 3 वर्ष का अनुभव । तालिका 3 के अनुसार वाहन चलाने की परीक्षा । |
| 27 | जूनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स) | 07 | - | 01 | 02 | 04 | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, एचएच, बी,एलवी | - | - | बी.कॉम. के साथ टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता तथा कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम 6 माह की अवधि का प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा । |
| 28 | जूनियर असिस्टेंट (सामग्री प्रबंधन) | 11 | 01 | 01 | 03 | 06 | ओए, ओएल एचएच | वीएच-01 | 2 | भौतिकी विज्ञान अथवा गणित में से किसी एक विषय के साथ बी.एससी. और टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता के साथ कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम छह माह की अवधि का प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा । टाइपिंग की परीक्षा लागू । |
| 29 | जूनियर असिस्टेंट (पेर्सोनेल एंड एड्मिनिसट्रेशन) | 12 | 01 | 02 | 03 | 06 | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, एचएच, बी,एलवी | वीएच-02 | 2 | स्नातक के साथ टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता तथा कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम 6 माह की अवधि का प्रमाणपत्र/डिप्लोमा । टाइपिंग की परीक्षा लागू । |
| 30 | जूनियर असिस्टेंट (राजभाषा) | 01 | - | - | - | 01 | ओए, ओएल, बीएल, बी,एलवी, एचएच, | - | - | एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नातक । कंप्यूटर पर हिन्दी टाइपिंग में 30 शब्द प्रति मिनट की कार्यकुशलता तथा कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम छह माह की अवधि का प्रमाणपत्र/डिप्लोमा । |
| 31 | जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर | 02 | - | 01 | - | 01 | एचएच | - | - | उच्च माध्यमिक के साथ सुरक्षा में 6 माह का प्रशिक्षण/ अनुभव । शारीरिक मानदंड विनिर्दिष्टानुसार तथा शारीरिक क्षमता परीक्षण लागू । |
| 32 | जूनियर फायर सुपरवाइजर | 04 | 01 | - | 01 | 02 | एचएच | | | उच्च माध्यमिक के साथ अग्निशमन सेवा में 6 माह का अनुभव । विभिन्न प्रकार के भारी वाहन चलाने का वैध चालक लाइसेंस । फायर टेंडर / भारी वाहन चलाने की परीक्षा लागू । शारीरिक मानदंड विनिर्दिष्टानुसार तथा शारीरिक क्षमता परीक्षण लागू । |
| 33 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (इंडस्ट्रियल हाइजीन) | 01 | - | - | - | 01 | निर्धारित नहीं | - | - | औद्योगिक स्वच्छता में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/प्रमाणपत्र ।*इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव । कौशल परीक्षण लागू । |
| 34 | फर्मासिस्ट ग्रेड IV (एलोपैथी) | 09 | - | 01 | 02 | 06 | ओएल, बीएल | ओएच-01 | - | फार्मासी में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि का डिप्लोमा ।*फार्मासी परिषद के साथ पंजीकरण अनिवार्य । कौशल परीक्षण लागू । |
| 35 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (पैथोलॉजी) | 03 | - | - | - | 03 | ओएल, एचएच | - | - | चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव । कौशल परीक्षण लागू । |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (स्टेरिलाइजेशन - सीएसएसडी) | 01 | - | - | - | 01 | ओएल, एचएच, एलवी | - | - | स्टेरिलाइजेशन (सीएसएसडी) में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।*इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।कौशल परीक्षण लागू । |
| 37 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV(रेडियोलॉजी) | 03 | - | - | - | 03 | ओए, ओएल, एचएच | - | - | रेडियोग्राफी अथवा चिकित्सा रेडियो एवं इमेजिंग प्रौद्योगिकी में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।<br>कौशल परीक्षण लागू । |
| 38 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड-IV (एनस्थीसिया) | 01 | - | - | - | 01 | निर्धारित नहीं | - | - | एनस्थीसिया तकनीशियन में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।<br>कौशल परीक्षण लागू । |
| 39 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड-IV (ईसीजी) | 02 | - | - | - | 02 | निर्धारित नहीं | - | - | ईसीजी में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।<br>कौशल परीक्षण लागू । |
| 40 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड-IV (ऑपरेशन थिएटर) | 02 | - | - | - | 02 | निर्धारित नहीं | - | - | ऑपरेशन थिएटर प्रौद्योगिकी में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।<br>कौशल परीक्षण लागू । |
| 41 | मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड-IV (डेंटल हाइजीन) | 01 | - | - | - | 01 | ओएल, एचएच, एलवी | - | - | डेंटल हाइजीन अथवा डेंटल असिस्टेंट में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र ।* इस क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव ।<br>कौशल परीक्षण लागू । |
| **डब्ल्यू-I स्तर [वेतनमान रु. 10,000-18,000]: कुल परिलब्धियां लगभग रु. 27,000/- प्रति माह होगी** | | | | | | | | | | |
| 42 | जूनियर हैल्थ एटेंडेंट | 06 | - | - | 01 | 05 | ओएल, एचएच | - | 2 | उच्च विद्यालय अथवा कक्षा X के बराबर की बोर्ड परीक्षा के साथ फर्स्ट ऐड का प्रमाणपत्र |

*** योग्यताएं सरकारी मान्यताप्राप्त महाविद्यालय / विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई हों ।**

** मेकानिक ट्रेड हैं: डीजल/ इन्स्ट्रूमेनटेशन/ टर्नर/ मशीनिंग/ ट्रैक्टर/ मोटर वेहिकल/ वेल्डिंग/ ब्लैक स्मिथी/ बॉयलर एटेंडेंट और मशीनिस्ट ग्राइंडर ।

संक्षिप्तियां: ओए – एक हाथ, ओएल – एक पैर, ओएएल – एक हाथ और एक पैर, बीएल – दोनों पैर; एचएच – श्रव्य बाधित; बी – दृष्टिबाधित, एलवी – कम दृष्टि;

## तालिका 1. न्यूनतम शारीरिक माप परीक्षा (पीएसटी) मानदंड – (शारीरिक मानदंड की परीक्षा की जाएगी):

| पद का नाम | संवर्ग | न्यूनतम लंबाई | भार | सीना (बिना फुलाए) |
|---|---|---|---|---|
| **(पुरुषों हेतु)**<br>**सेक्यूरिटी सुपरवाइजर/ जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर/ जूनियर फायर सुपरवाइजर** | समस्त संवर्गों हेतु | 168 से.मी. | - | 81 से.मी. (5 से.मी. फुलाने की क्षमता) |
| | जनजातियों/ पहाड़ी व्यक्तियों हेतु | 163 से.मी. | - | |
| | असम राज्य के व्यक्तियों हेतु | 163 से.मी. | - | 79 से.मी.(5 से.मी. फुलाने की क्षमता) |
| | असम राज्य की जनजातियों/ पहाड़ी व्यक्तियों हेतु | 160 से.मी. | - | |
| **(महिलाओं हेतु)**<br>**सेक्यूरिटी सुपरवाइजर/ जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर/ जूनियर फायर सुपरवाइजर** | समस्त संवर्गों हेतु | 152 से.मी. | लंबाई के समानुपात लेकिन 46 कि.ग्रा. से कम नहीं | - |
| | जनजातियों/ पहाड़ी व्यक्तियों हेतु | 147 से.मी. | | |

| (पुरुषों हेतु)<br>असिस्टेंट रिगमैन<br>(ड्रिलिंग) | सामान्य/अ.पि.व. हेतु | 167 | 58 | 81 से.मी. (05 से.मी. फुलाने की क्षमता) |
|---|---|---|---|---|
| | पहाड़ी व्यक्तियों/ जनजातियों/ अ.जा./ अ.ज.जा.हेतु | 162 | 50 | 79 से.मी. (05 से.मी. फुलाने की क्षमता) |

## तालिका 2. शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) मानदंड

| क्र.सं. | पद | शारीरिक क्षमता परीक्षण | |
|---|---|---|---|
| | | पुरुषों हेतु | महिलाओं हेतु |
| 1 | सेक्यूरिटी सुपरवाइजर/ जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर | 1. 8मिनटों में1.6 कि.मी.की दौड़<br>2. लंबी कूद: 9 फीट (3 मौके)<br>3. ऊंची कूद: 3½ फीट (3 मौके) | 1. 6मिनटों में 800 मीटर की दौड़<br>2. लंबी कूद: 8 फीट (3 मौके)<br>3. ऊंची कूद: 3 फीट (3 मौके) |
| 2 | जूनियर फायर सुपरवाइजर | 1. 4मिनटों के भीतर 800 मीटर की दौड़<br>2. 100 मीटर की दूरी तक बिना किसी विश्राम के फायरमैन लिफ्ट विधि द्वारा अपने स्वयं के वजन के एक व्यक्ति को उठाना तथा ले जाना।<br>3. 2मिनट में पूरी तरह खुली हुई 34 फीट (10.5 मीटर) की एक अग्नि सेवा विस्तार सीढ़ी चढ़ना। | 1. 6मिनटों में 800 मीटर की दौड़<br>2. 75 मीटर की दूरी तक बिना किसी विश्राम के फायरमैन लिफ्ट विधि द्वारा लगभग अपने स्वयं के वजन के एक व्यक्ति को उठाना तथा ले जाना।<br>3. 2मिनट में पूरी तरह खुली हुई 27 फीट (9 मीटर) की एक अग्नि सेवा विस्तार सीढ़ी चढ़ना। |

## तालिका 3. कौशल परीक्षण: संबंधित पदों के लिए लागू कौशल की परीक्षा निम्नानुसार ली जाएगी:

| क्र. सं. | पद | कौशल परीक्षण (पुरुष/ महिला) |
|---|---|---|
| 1 | i. जूनियर स्लिंगर कम रिग्गर<br>ii. जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (विंच ऑपरेशन)<br>iii. जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (हेवी वेहिकल ऑपरेशन) | भारी वाहन चलाने की परीक्षा |
| 2 | जूनियर फायर सुपरवाइजर | फायर टेंडर/ भारी वाहन चलाने की परीक्षा |
| 3 | जूनियर असिस्टेंट - (पेर्सोनेल एंड एड्मिनिसट्रेशन) | टाइपिंग की परीक्षा (अंग्रेजी) |
| 4 | जूनियर असिस्टेंट (स्टेनो इंग्लिश) | टाइपिंग की परीक्षा (अंग्रेजी) और स्टेनो की परीक्षा |
| 5 | जूनियर असिस्टेंट - (सामग्री प्रबंधन) | टाइपिंग की परीक्षा (अंग्रेजी) |
| 6 | जूनियर असिस्टेंट - (अकाउंट्स) | टाइपिंग की परीक्षा (अंग्रेजी) |
| | जूनियर असिस्टेंट - (राजभाषा) | टाइपिंग की परीक्षा (हिन्दी) |

## ग. अभ्यर्थियों हेतु टिप्पणी:

i. **अभ्यर्थियों के पास असम राज्य की नागरिकता का प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण के/ दस्तावेज अपलोड करते वक्त संबंधित राज्य की नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। विभागीय अभ्यर्थियों के लिए नागरिकता की शर्त अनिवार्य नहीं है।**

ii. **नियमित कार्मिकों के साथ ही टीबीएफओ (टेनर बेस्ड फील्ड ऑपरेटरों), कांटिंजेंट कर्मियों और संविदा पर कार्यरत पैरामेडिकोंको भी विभागीय अभियार्थी माना जाएगा।**

iii. कोई भी उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकता है।

iv. कई पदों के लिए योग्य उम्मीदवार के मामले में, उम्मीदवार को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पदों की अपनी पसंद देनी होगी। पदों में दी गई प्राथमिकता में बाद में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्शाई गई वरीयता के आधार पर चयनित उम्मीदवार को केवल एक नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

v. टेनर बेस्ड फील्ड ऑपरेटरों के अलावा कोई अन्य विभागीय उम्मीदवार,समान वेतनमान और समान स्तर के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

vi. इस विज्ञापन में प्रस्तुत कुछ पदों को पीडब्ल्यूडी हेतु उपयुक्त निर्धारित किया गया है, जिनमें से कुछ पद विनिर्दिष्ट दिव्यांगता के लिए पीडब्ल्यूडी हेतु आरक्षित किए गए हैं। पद, जिस दिव्यांगता हेतु निर्धारित/आरक्षित किए गए हैं, उनके विवरण पद के समक्ष दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थीगण अपने लिए उपयुक्त निर्धारित पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं। **तथापि, आरक्षण का लाभ केवल उन पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को दिया जाएगा, जिनके लिए दिव्यांगता के अनुसार पदों को आरक्षित किया गया है।** हालांकि पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थीगण, इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना कि पद उनके लिए आरक्षित है अथवा नहीं, आयु में छूट हेतु योग्य होंगे, बशर्ते कि पद दिव्यांगता के सुसंगत संवर्ग हेतु उपयुक्त निर्धारित किया गया हो।

vii. इस विज्ञापन में कुछ पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हैं। भूतपूर्व सैनिक केवल भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आरक्षण का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे, बशर्ते कि उन्होंने सिविलियन पदों में अपने पहले रोजगार पर भूतपूर्व सैनिक का लाभ नहीं उठाया हो। यद्यपि, यह उन भूतपूर्व सैनिकों के लिए लागू नहीं होगा जो पुनः नियोजित किए गए हैं या जो निजी कंपनियों/ स्वायत्त निकायों/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/ सरकारी कार्यालयों द्वारा कैजुअल/ संविदा/ अस्थाई तदर्थ आधार पर नियोजित किए गए हैं और जिन्हें उनके संबंधित नियोक्ता द्वारा किसी भी समय ऐसी सेवा से हटाया जा सकता है। यदि किसी भूतपूर्व सैनिक ने पहले भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ उठाया है तो वह भी अन्य भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों के लिए लागू अनुसार आयु में छूट पाने का हक़दार होगा।

viii. यदि पर्याप्त संख्या में योग्य तथा उपयुक्त भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थीगण उनके लिए आरक्षित पदों को भरने के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति में रिक्त पदों को अन्य अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा।

ix. उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व अनिवार्य निर्धारित योग्यता होनी चाहिए।

x. उम्मीदवार के पास पात्रता हेतु अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम 50% अंक अवश्य होने चाहिए। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करते वक्त अधिकतम 2 (दो) दशमलव अंकों तक अपने वास्तविक प्राप्तांकों का प्रतिशत भरना होगा अर्थात् प्रतिशत को राउंड ऑफ करना बिलकुल माना है।

xi. उपरोक्त वर्णित पदों के लिए, जहां निर्धारित योग्यता में कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोग में 6 माह की न्यूनतम अवधि का प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा है, उसके स्थान पर बी.सी.ए. अथवा एम.सी.ए. अथवा बी.टेक. / कंप्यूटर साइंस/ इंजीन्यरिंग में बी.ई. को न्यूनतम 6 माह के प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा के स्थान पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। बी.सी.ए. अथवा बी.टेक. / कंप्यूटर साइंस/ इंजीन्यरिंग में बी.ई. लेकर स्नातक करने वालों के लिए भी न्यूनतम 6 माह की अवधि का प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा कंप्यूटर अनुप्रयोग के अनुरूप होना चाहिए, जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार ने एमएस वर्ड, एक्सेल (स्प्रेड शीट) आदि के अनुप्रयोग जैसे कार्यालय अनुरूप कोर्स किया है।

xii. एटी (इलेक्ट्रॉनिक्स) के पद हेतु निर्धारित योग्यताओं में से एक है इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ भौतिकविज्ञान में एम.एससी.। अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ भौतिक विज्ञान में एम.एससी. की उपाधि आवश्यक रूप में होनी चाहिए। निर्धारित नामावली से अलग नाम में कोई परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।

xiii. **उम्मीदवारों के पास संगत सांविधिक निकाय जैसे यूजीसी/ एआईसीटीई आदि द्वारा मान्यताप्राप्त योग्यता होनी चाहिए।** दूरस्थशिक्षा पद्धति के माध्यम से हासिल की गई योग्यता भी स्वीकार्य होगी बशर्ते कि वे संगत सांविधिक निकाय द्वारा मान्यताप्राप्त हों। ट्रेड प्रमाणपत्र, राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड (एसबीटीई) / राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) द्वारा मान्यताप्राप्त संबंधित आईटीआई / तकनीकी संस्थानों के होने चाहिए।

xiv. **ऐसे पदों हेतु, जिनमें इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र निर्धारित योग्यता है, वॉयरमैन ट्रेड में कोई ट्रेड प्रमाणपत्र स्वीकार्य नहीं होगा।**

xv. फर्मासिस्ट ग्रेड-IV (एलोपैथी) के पदों हेतु भारतीय/ राज्य फार्मेसी परिषद के साथ पंजीकरण आवश्यक होगा।

xvi. उम्मीदवार के पास प्रत्येक पद के समक्ष वर्णित अनिवार्य योग्यताएं अवश्य होनी चाहिए, उदाहरण के लिए एक ऐसे पद हेतु जहां अनिवार्य योग्यता इंजीन्यरिंग में डिप्लोमा है, और किसी अभ्यर्थी के पास यह उपाधि नहीं है तो वह आवेदन करने योग्य नहीं होगा भले ही उसके पास इंजीन्यरिंग में बी.टेक / एम.टेक की उपाधि ही क्यों न हो। इसी तरह जहां एक विशिष्ट अवधि निर्धारित की गई है, उदाहरण के लिए एक 3 वर्षीय डिप्लोमा, तो अभ्यर्थी द्वारा 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम आवश्यक रूप में पूरा किया गया हो। 3 वर्षीय डिप्लोमा के समक्ष समझा जानेवाला कोई दो वर्षीय डिप्लोमा स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि, यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा किया गया था, लेकिन उसे निश्चित विषयों में उपस्थित होने से कोई छूट प्रदान की गई है या उसे 3 वर्षीय डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में एक पार्श्व प्रवेश दिया गया है, तो ऐसी योग्यताएं भी स्वीकार की जाएंगी।

xvii. अभ्यर्थीगण जो कि भूतपूर्व सैनिक हैं तथा सैन्य बलों में सेवा के जिनके अनुभव को भारत सरकार द्वारा इस विज्ञापन में निर्धारित एक आरंभिक स्तर की योग्यता के समान माना गया हो, तो उक्त अनुभव को इस भर्ती में उपरोक्त पदों हेतु एक आरंभिक स्तर की योग्यता के रूप में स्वीकार किया जाएगा। **हालांकि, भूतपूर्व सैनिक को इस आशय का उल्लेख करता हुआ एक समानक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनकी योग्यता को इस विज्ञापन में निर्धारित योग्यता के समान माना गया है। ऐसा करने में विफल होने पर उनकी अभ्यर्थिता विचारणीय नहीं होगी।**

xviii. ऐसे पदों के लिए जहां आरक्षित संवर्ग हेतु कोई रिक्ति निश्चित नहीं की गई है, आरक्षित संवर्ग का अभ्यर्थी अनारक्षित रिक्तियों के समक्ष आवेदन कर सकता है। हालांकि, वह ऑनलाइन आवेदन में अपना वास्तविक संवर्ग प्रकट कर सकता है ताकि उसे शुल्क में छूट मिल सके। हालांकि, उसकी अभ्यर्थिता को सामान्य संवर्ग के अभ्यर्थी के समान माना जाएगा।

xix. **दिव्यांग व्यक्तियों के लिए**, दिव्यांगता का प्रमाणपत्र अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। किसी व्यक्ति के लिए किसी छूट / लाभ हेतु योग्य होने की दिव्यांगता की न्यूनतम सीमा 40% होगी।

xx. **भूतपूर्व सैनिक**, अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण/ दस्तावेजों की अपलोडिंग के समय वैध सेवामुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

xxi. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति, ओएनजीसी कर्मचारी नियमावली 1996 की चिकित्सा परीक्षा के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार **उनके द्वारा कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने के अधीन होगी।** नियमावली के विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध हैं।

xxii. नौकरियां देश में किसी भी भूतल अथवा तट से दूर स्थानों पर स्थानांतरणीय हैं।

**घ. आयु:**

**आयु सीमा की गणना करने की तिथि 27.01.2019 अर्थात् ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी**

| क्र.सं. | स्तर | संवर्ग तथा अधिकतम / न्यूनतम आयु | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अ.पि.व.- गैर क्रीमी लेयर | अ.जा. / अ.ज.जा. |
| 1 | ए2 व ए1 स्तर के पदों हेतु | अधिकतम 30 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष | अधिकतम 33 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष | अधिकतम 35 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष |
| 3 | डब्ल्यू 1 स्तर के पदों हेतु | अधिकतम 27 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष | अधिकतम 30 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष | अधिकतम 32 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष |

**आयु में छूट:**

i. **दिव्यांग व्यक्तिगण (पीडब्ल्यूडी):** दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में दस वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. हेतु 15 वर्ष तथा अ.पि.व. हेतु 13 वर्ष) तक की छूट होगी। आयु सीमा में छूट इस तथ्य को ध्यान में रखे बिना लागू होगी कि पद आरक्षित है अथवा नहीं, बशर्ते कि पद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त निर्धारित किया गया हो।

ii. **भूतपूर्व सैनिक:** सरकारी नियमावली के अनुसार सशस्त्र बलों में सेवा की कुल समयावधि + 3 वर्ष। **दिव्यांग रक्षा सेवा कर्मियों** हेतु आयु में छूट की सीमा सामान्य/अ.पि.व. हेतु 45 वर्ष तथा अ.जा./अ.ज.जा. हेतु 50 वर्ष तक है।

iii. **ओएनजीसी विभागीय उम्मीदवार:** उनके द्वारा ओएनजीसी में दी गई सेवाओं की सीमा तक। नियमित कार्मिकों के अलावा टीबीएफओ (अवधि आधारित कर्मचारियों), कांटिंजेंट कर्मियों तथा संविदा पर लगे पैरामेडिकों को भी विभागीय उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा।

iv. **ओएनजीसी पूर्व-प्रशिक्षु (एक्स-अप्रेंटिस):** ओएनजीसी के पूर्व-प्रशिक्षुओं को ओएनजीसी में लिए गए प्रशिक्षण की अवधि की सीमा तक आयु सीमा में छूट दी जाएगी, बशर्ते कि वे एनसीवीटी द्वारा जारी राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र के धारक हों। ओएनजीसी के अलावा अन्य प्रशिक्षु आयु सीमा में छूट पाने के लिए पात्र नहीं होंगे।

**ङ. जाति मानदंड:**

i. अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. के रूप में आरक्षण मांगने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण/ नियुक्ति के समय अपना जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। जाति प्रमाणपत्र अनिवार्यतः भारत सरकार के अंतर्गत पदों की नियुक्ति हेतु नियत निर्धारित प्रारूप में पदनामित प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, जिसमें स्पष्ट रूप में अभ्यर्थियों की जाति तथा उस अधिनियम/ आदेश का उल्लेख किया गया हो जिसके अंतर्गत जाति को अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा उस गांव / नगर का उल्लेख हो जहां अभ्यर्थी निवास करता है। अभ्यर्थियों को यह भी अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी जाति/ समुदाय का नाम तथा उनके जाति / समुदाय प्रमाणपत्र में इसकी वर्तनी ठीक वैसे ही होनी चाहिए जैसे समय-समय पर (अ.पि.व. संवर्ग हेतु केंद्रीय सूची में अ.पि.व. जातियों के रूप में भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त जातियों की सूची साइट http://www.ncbc.nic.in पर उपलब्ध है, अ.जा. संवर्ग हेतु प्रत्येक राज्य के लिए जातियों की सूची साइट http://www.socialjustice.nic.in पर उपलब्ध है और अ.जा. संवर्ग हेतु जातियों की सूची http://tribal.nic.in साइट पर उपलब्ध है) केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूचियों में वर्णित है। जाति नाम में कोई परिवर्तन प्रदर्शित करते किसी प्रमाणपत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अ.पि.व. प्रमाणपत्र में स्पष्टतः यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी केंद्र सरकार के अंतर्गत पदों तथा सेवाओं पर आवेदन करने के लिए भारत सरकार द्वारा परिभाषितानुसार क्रीमी लेयर से संबंध नहीं रखता।

ii. सरकारी उपक्रम में रोजगार हेतु अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व./ पीडब्ल्यूडी के लिए प्रमाणपत्र का निर्धारित प्रारूप ऑनलाइन आवेदन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

iii. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इस परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन में पूर्व में प्रकट सामुदायिक स्थिति में किसी परिवर्तन की मांग की जाती है तो साधारणतः उसकी अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

**च. पात्रता मानदंड निर्धारण संबंधी महत्वपूर्ण तिथियां**

| | |
|---|---|
| • आयु<br>• नागरिकता प्रमाणपत्र<br>• इस विज्ञापन के पैरा ख में वर्णितानुसार न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएं जिसमें सम्मिलित है<br>i. कार्यालय अनुरूप कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम 6 माह की अवधि का प्रमाणपत्र / डिप्लोमा (जहां लागू)<br>ii. भारी वाहन चालक अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस)<br>iii. सुसंगत सांविधिक परिषद के साथ पंजीकरण<br>iv. अनुभव | **27.01.2019**<br>**(अर्थात् ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि)** |
| • जाति/ पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र | • अ.जा./ अ.ज.जा. प्रमाणपत्र की वैधता का परीक्षण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (27.01.2019) को किया जाएगा अर्थात् अभ्यर्थी की जाति राज्य की अ.जा. की सूची में 27.01.2019 को सम्मिलित हो जिस राज्य का अभ्यर्थी साधारणतः एक निवासी है।<br>• अ.पि.व. प्रमाणपत्र नवीनतम प्रमाणपत्र होना चाहिए । इसके अलावा 27.01.2019 (अर्थात् ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि) को अभ्यर्थी की जाति केंद्र की अ.पि.व. सूची में सम्मिलित हो, जिस रहया का अभ्यर्थी साधारणतः एक निवासी है।<br>• पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र की वैधता का परीक्षण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (27.01.2019) के संदर्भ में किया जाएगा अर्थात् दिव्यांगता 27.01.2019 से पूर्व प्राप्त की गई हो । इसके अतिरिक्त दिव्यांगता प्रमाणपत्र केंद्र/ राज्य सरकार द्वारा विधिवत् संस्थापित सक्षम चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो। |

**छ. महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि** | 07.01.2019 |
| 2. | **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | 27.01.2019 |
| 3. | **सीबीटी का आरंभ (संभावित)<br>(विवरण बाद में बांटे जाएंगे)** | **मार्च 2019** |

**ज. आवेदन कैसे करें:**

i. योग्य अभ्यर्थी से अपेक्षित होगा कि वे **07.01.2019** से **27.01.2019** को 1800 बजे तक ओएनजीसी वेबसाइट: www.ongcindia.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन की कोई अन्य विधि स्वीकार्य नहीं होगी।

ii. ऑनलाइन आवेदन कार्य-प्रणाली ऑनलाइन आवेदन साइट पर उपलब्ध होगी।

iii. वेबसाइट पर अपने आवेदन जमा करने से पूर्व अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित व्यवस्थाएं होनी चाहिए:

   क. वैध ई-मेल आईडी (आवेदन की तिथि से 1 वर्ष तक की अवधि हेतु वैध होनी चाहिए)

   ख. मोबाइल नं. (आवेदन की तिथि से कम से कम 1 वर्ष तक की अवधि हेतु सक्रिय तथा वैध होनी चाहिए)

   ग. श्वेत पृष्ठभूमि के साथ अभ्यर्थी की नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो की स्कैंड प्रति **(20केबी-50केबी के बीच का आकार, केवल जेपीईजी/ जेपीजी फाइल के रूप में)** तथा श्वेत पृष्ठभूमि पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर की स्कैंड प्रति **(10केबी-20केबी के बीच का आकार, केवल जेपीईजी/ जेपीजी फाइल के रूप में)**

iv. **पंजीकरण शुल्क**

   क. सामान्य/ अ.पि.व. अभ्यर्थियों हेतु **– पंजीकरण शुल्क के रूप में रु. 370/- (शुल्क- रु.299.20/- साथ में जीएसटी- रु. 10.80/- साथ में बैंक प्रभार- रु. 60/-)। पंजीकरण शुल्क अप्रतिदेय है।**

   ख. पंजीकरण शुल्क **चालान पत्र** के माध्यम से **एसबीआई, तेल भवन, देहारादून के ओएनजीसी पॉवर ज्योति खाता सं. 30827318409** में भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। **किसी अन्य विधि द्वारा पंजीकरण शुल्क का भुगतान स्वीकार्य नहीं है तथा अन्य विधियों के माध्यम से किया गया भुगतान अभ्यर्थियों को वापस नहीं किया जाएगा अथवा प्रतिदेय नहीं होगा।**

   ग. ओएनजीसी के विभागीय/ कार्यकाल आधारित कर्मचारियों से भी यह अपेक्षित होगा कि वे चालान पत्र के माध्यम से लागू पंजीकरण/ प्रक्रमण शुल्क जमा करें। हालांकि, शुल्क प्रतिदेय होगा।

   घ. **अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूडी/ भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के अभ्यर्थियों को किसी शुल्क का भुगतान करने से छूट प्राप्त है।**

v. यदि एक बार अभ्यर्थी द्वारा अपना ऑनलाइन आवेदन भर कर जमा कर लिया गया है तो उसमें बाद में किसी परिवर्तन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

vi. अभ्यथियों को सलाह है कि वे केवल एक आवेदन जमा करें। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा एकाधिक आवेदन किए जाते हैं तो उसके नवीनतम आवेदन को अंतिम माना जाएगा तथा शेष आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

vii. अभ्यर्थी को भावी संदर्भ हेतु सिस्टम से उत्पन्न पंजीकरण पर्ची (रजिस्ट्रेशन स्लिप) इत्यादि की प्रति को अपने पास सुरक्षित रख लेना चाहिए। पंजीकरण पर्ची (रजिस्ट्रेशन स्लिप) के प्रिंट आउट में छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। जब तक कि विशिष्ट रूप में ऐसा करने को नहीं कहा जाता तब तक पंजीकरण पर्ची इत्यादि की प्रति सहित कोई भी प्रलेख ओएनजीसी को नहीं भेजा जाना चाहिए।

viii. **परीक्षा से संबंधित समस्त सूचनाएं ओएनजीसी की वेबसाइट – www.ongc.co.in पर उपलब्ध होंगी। <u>अभ्यर्थीगण साइट से कौशल परीक्षा इत्यादि हेतु परीक्षा प्रवेश पत्र / बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।</u>** ओएनजीसी अवैध अथवा गलत ई-मेल आईडी / मोबाइल फोन नं. के कारण प्रेषित की गई ई-मेल / एसएमएस की किसी हानि अथवा स्पैम / बल्क मेल फोल्डर में ई-मेल के पहुंचने हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।

**झ. चयन प्रक्रिया:**

i. **अभ्यर्थियों का चयन एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा, जिसके बाद जहां लागू हो पीएसटी/ पीईटी/ कौशल परीक्षाएं ली जाएंगी । अभ्यर्थियों को पृथक रूप से प्रत्येक चरण में योग्यता प्राप्त करनी होगी ।**

ii. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) अनुमानतः मार्च 2019 में होगी ।

iii. परीक्षा, सीबीटी हेतु उपयुक्त सुविधाओं की उपलब्धता के अधीन जोरहाट, डिब्रुगढ़, गुवाहाटी, सिलचर और शिवसागर में आयोजित की जाएगी ।

iv. अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन में करना होगा ।

v. ओएनजीसी के पास अपने विवेक पर उपर्युक्त वर्णित किसी भी परीक्षा शहर को बदलने का अधिकार सुरक्षित है ।

vi. सीबीटी की अनुसूची के विवरणों के बाबत अभ्यर्थियों को पृथक रूप से सूचना दी जाएगी ।

vii. अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थीगण जो कि लिखित परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं तथा जिनका पत्राचार पता परीक्षा शहर की नगर निगम सीमाओं से बाधर है, उन्हें उनके पत्राचार पते से लेकर परीक्षा केंद्र तक पड़नेवाले सबसे छोटे रूट का आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल/ बस किराया दिया जाएगा ।

## ञ. सीबीटी का प्रारूप

i. परीक्षा की पद्धति निम्नानुसार होगी:

| लिखित परीक्षा के अवयव | मान |
|---|---|
| **भाग (क): निम्न के परीक्षण हेतु सामान्य बौद्धिक योग्यता व कौशल परीक्षा:**<br>• अंतर्वैयक्तिक कौशल<br>• तर्कसंगत विचार/ विश्लेषण क्षमता/ ज्ञान योग्यता<br>• मूल गणना तथा आंकड़ा विवेचन कौशल<br>• सामान्य जागरूकता | 20%<br>(20 अंक हेतु 20 प्रश्न) |
| **भाग (ख): विषय/ डोमेन संबंधित**<br>प्रश्न पद हेतु अपेक्षित योग्यताओं के स्तर के अनुरूप होंगे, उदाहरण के लिए, जहां इंजीन्यरिंग में डिप्लोमा अनिवार्य योग्यता है तो वहाँ संबंधित इंजीन्यरिंग वर्ग में डिप्लोमा के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न होंगे । | 80 %<br>(80 अंक हेतु 80 प्रश्न) |
| **कुल** | **100 प्रश्न, 01 अंक प्रत्येक प्रश्न** |

ii. सभी प्रश्न कुल 100 अंकों हेतु एकाधिक विकल्प वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे ।

iii. यहाँ सीबीटी में कोई **नकारात्मक अंकन** नहीं होगा ।

iv. परीक्षा की कुल अवधि 2 घंटे होगी ।

v. परीक्षा अंग्रेजी, हिन्दी और असमिया तीनों भाषाओं में होगी । जूनियर असिस्टेंट (राजभाषा) पद हेतु परीक्षा हिन्दी में होगी ।

vi. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को प्रतिपूरक समय अर्थात् 20 मिनट प्रति घंटा (कुल 40 मिनट) दिया जाएगा । ओएनजीसी, उन पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को स्क्राइब उपलब्ध करा सकता है जो दृष्टिबाधित अथवा लोकोमोटर विकलांगता की श्रेणी में आते हैं और जो इसका लाभ उठाना चाहते हैं । स्क्राइब के प्रावधान की अनुमति, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोफॉर्मा में सरकारी स्वास्थ्य संस्था के चीफ़ मेडिकल ऑफिसर / सिविल सर्जन / मेडिकल सुपरिंटेंडेंट से लिए गए प्रमाणपत्र के प्रस्तुत करने पर दी जा सकती है, जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि लिखने में अभ्यर्थी शारीरिक रूप से असमर्थ है और स्क्राइब अभ्यर्थी के पक्ष में परीक्षा लिखने के लिए आवश्यक है।

## ट. चयन मानदंड

i. अंतिम योग्यता सूची को निम्नलिखित के अनुसार विभिन्न मानदंडों हेतु नियत मान के आधार पर तैयार किया जाएगा:

तालिका 4:

| क्र. सं. | पद | मानदंड |
|---|---|---|
| 1 | असिस्टेंट रिगमैन (ड्रिलिंग), असिस्टेंट तकनीशियन (बॉयलर), असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन), असिस्टेंट तकनीशियन (मेकानिकल), असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), असिस्टेंट तकनीशियन (इन्स्ट्रूमेनटेशन), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (सीमेंटिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (डीजल), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (वेल्डिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (मशीनिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (फिटिंग) | i. लिखित परीक्षा - 85 अंक<br>ii. अकादमिक प्रदर्शन - 10 अंक<br>(ए-1 एनसीवीटी प्रमाणपत्र / ए-II इंजीन्यरिंग डिप्लोमा पर)<br>iii. प्रशिक्षुता (अप्रेंटीशिप) प्रमाणपत्र - 05 अंक<br>कुल - 100 अंक |
| 2 | असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रॉनिक्स), असिस्टेंट ग्रेड III (ट्रांसपोर्ट), जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (विंच ऑपरेशन), जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (हेवी वेहिकल ऑपरेशन), जूनियर स्लिंगर कम रिग्गर | i. लिखित परीक्षा - 85 अंक<br>ii. अकादमिक प्रदर्शन - 10 अंक<br>(परीक्षा अंकों की योग्यता प्राप्त करने पर)<br>कुल - 95 अंक |
| 3 | टेक्निकल असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट्री), जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (केमिस्ट्री), जूनियर असिस्टेंट (स्टेनो इंग्लिश), जूनियर असिस्टेंट (एमएम), क्लिनिकल असिस्टेंट ग्रेड III (ओप्टोमेट्री), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (इंडस्ट्रियल हाइजीन), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (पैथोलॉजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (रेडियोलॉजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (ईसीजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (स्टेरिलाइजेशन/ सीएसएसडी), फॉर्मासिस्ट ग्रेड IV (एलोपैथी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (एनेस्थेसिया), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (ओटी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (डेंटल हाइजीन), जूनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स), जूनियर असिस्टेंट (पी एंड ए), जूनियर असिस्टेंट (राजभाषा), सेक्यूरिटी सुपरवाइजर, जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर, जूनियर फायर सुपरवाइजर | i. लिखित परीक्षा - 85 अंक<br>ii. अकादमिक प्रदर्शन - 15 अंक<br>(परीक्षा अंकों की योग्यता प्राप्त करने पर)<br>कुल - 100 अंक |
| 4 | जूनियर हेल्थ एटेंडेंट | i. लिखित परीक्षा - 90 अंक<br>ii. अकादमिक प्रदर्शन - 10 अंक<br>(परीक्षा अंकों की योग्यता प्राप्त करने पर)<br>कुल - 100 अंक |

ii. ट्रेड प्रमाणपत्र के अलावा, एनसीवीटी द्वारा जारी राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र अथवा इंजीन्यरिंग में डिप्लोमा के अलावा एचआरडी मंत्रालय द्वारा जारी दक्षता प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवारों को तालिका 4 की क्र. सं. 1 में उल्लिखित पदों के लिए अतिरिक्त 5 अंक दिए जाएंगे।

iii. अभ्यर्थी ध्यान दें कि प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रमाणपत्र पर अंक प्राप्त करने हेतु पात्रता के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को उनके पास संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र होना चाहिए।

iv. तालिका 4 की क्र. सं. 1 में उल्लिखित पदों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रमाणपत्र धारण करनेवाले अभ्यर्थियों को प्रदान किए जाने वाले अंकों के समान ही, ओएनजीसी में इंजीन्यरिंग डिसिप्लिन में 5 अथवा अधिक वर्षों की सेवा दे चुके विभागीय अभ्यर्थियों को 5 अंक प्रदान किए जाएंगे ।

v. अकादमिक प्रदर्शन में न्यूनतम अंक उन भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाएंगे, जिनकी सशस्त्र सेना में दी गई सेवा के अनुभव को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र/ उपाधि के समतुल्य माना गया हो अथवा जिनकी योग्यता में किसी अंक/ प्रतिशत का उल्लेख नहीं किया गया हो ।

vi. न्यूनतम अनिवार्य योग्यता परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर अकादमिक प्रदर्शन को निम्नानुसार मान दिया जाएगा ।

| क्र.सं. | पद | 50% से अधिक और 60% तक # | 60% से अधिक और 70% तक # | 70% से अधिक # |
|---|---|---|---|---|
| 1 | असिस्टेंट रिगमैन (ड्रिलिंग), असिस्टेंट तकनीशियन (बॉयलर), असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन), असिस्टेंट तकनीशियन (मेकानिकल), असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), असिस्टेंट तकनीशियन (इलेक्ट्रॉनिक्स), असिस्टेंट तकनीशियन (इन्स्ट्रूमेनटेशन), असिस्टेंट ग्रेड-III (ट्रांसपोर्ट), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (प्रॉडक्शन), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (सीमेंटिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (वेल्डिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (मशीनिंग), जूनियर असिस्टेंट तकनीशियन (फिटिंग), जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (विंच ऑपरेशन), जूनियर मोटर वेहिकल ड्राईवर (हेवी वेहिकल ऑपरेशन), जूनियर स्लिंगर कम रिग्गर | 03 | 06 | 10 |
| 2 | टेक्निकल असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट्री), जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (केमिस्ट्री), जूनियर असिस्टेंट (स्टेनो इंग्लिश), जूनियर असिस्टेंट (एमएम), क्लिनिकल असिस्टेंट ग्रेड III (ओप्टोमेट्री), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (इंडस्ट्रियल हाइजीन), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (पैथोलॉजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (रेडियोलॉजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (ईसीजी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (स्टेरिलाइजेशन/ सीएसएसडी), फॉर्मासिस्ट ग्रेड IV (एलोपैथी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (एनेस्थेसिया), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (ओटी), मेडिकल असिस्टेंट ग्रेड IV (डेंटल हाइजीन), जूनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स), जूनियर असिस्टेंट (पी एंड ए), जूनियर असिस्टेंट (राजभाषा), सेक्यूरिटी सुपरवाइजर, जूनियर सेक्यूरिटी सुपरवाइजर, जूनियर फायर सुपरवाइजर | 05 | 10 | 15 |
| 3 | जूनियर हेल्थ एटेंडेंट | 03 | 06 | 10 |

***# अभ्यर्थियों को अधिकतम 2 (दो) दशमलव स्थान तक अंकों का वास्तविक प्रतिशत भरना होगा, राउंड ऑफ करना बिलकुल माना है (उदाहरण के लिए 50.006% को 50.00 माना जाएगा, न कि 50.01)***

vii. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के समय अपने अनंतिम अंकपत्र के अनुसार अनिवार्य योग्यता में उनके द्वारा अर्जित सम्पूर्ण अंक उपलब्ध कराने होंगे । ऐसे मामलों में जहां अंकों के स्थान पर सीजीपीए/ डीजीपीए अंक दिए जाते हैं, उन मामलों में अभ्यर्थियों को संस्थान/ विश्वविद्यालय इत्यादि द्वारा अंगीकृत रूपांतरण विधि के अनुसार अंक प्रविष्ट करने होंगे । अभ्यर्थी को संस्थान/ विश्वविद्यालय का ऐसा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें ऐसी किसी विधि का स्पष्टतः उल्लेख हो । जहां अंकों का प्रतिशत संस्थान द्वारा नहीं दिया जाता है अथवा जहां सीजीपीए/ डीजीपीए इत्यादि को प्रतिशत में रूपांतरित करने की संस्थान/ विश्वविद्यालय द्वारा कोई रूपांतरण विधि नहीं दी जाती है, वहाँ अभ्यर्थी को इस आशय को प्रमाणित करने वाला अपने संस्थान का एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । ऐसे मामलों में अभ्यर्थी निम्नलिखित विधि द्वारा सीजीपीए/ डीजीपीए इत्यादि को प्रतिशत में रूपांतरित करेगा: प्राप्त की गई सीजीपीए इत्यादि / कुल सीजीपीए इत्यादि *100.

viii. अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त की गई योग्यता को संबंधित सांविधिक निकाय का अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त होना चाहिए । भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार योग्यता समानक लागू होगा । हालांकि,

उनके पास ऐसा सेवामुक्ति प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए जो योग्यता समानक को स्पष्टतः प्रकट करता हो । ऐसे मामलों में उन्हें योग्यता मानदंड में न्यूनतम अंक दिए जाएंगे । और यदि उनके पास वास्तविक योग्यता है तो उन्हें उपरोक्त तालिका 4 (ii) के अनुसार अंक दिए जाएंगे ।

ix. एक से अधिक अनिवार्य योग्यता वाले पदों के लिए अकादमिक प्रदर्शन हेतु मान निम्नानुसार दिया जाएगा:

1. जूनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स), जूनियर असिस्टेंट (पी एंड ए), जूनियर असिस्टेंट (एमएम) और जूनियर असिस्टेंट (राजभाषा) जैसे पदों के लिए स्नातक स्तर योग्यता के अकादमिक प्रदर्शन हेतु मान दिया जाएगा ।
2. जूनियर हेल्थ एटेंडेंट के पद के लिए मान Xवीं कक्षा योग्यता हेतु दिया जाएगा ।

x. उम्मीदवार को आगे भी विचाराधीन बने रहने के लिए लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करने होंगे । ऐसे उम्मीदवारों को अकादमिक प्रदर्शन और प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र (जहां लागू हो) के लिए अंक दिए जाएंगे और 1:5 के अनुपात में आगे भी चयन हेतु विचाराधीन रखा जाएगा:

1. दस्तावेजों के सत्यापन और सूचीकरण के लिए या
2. कौशल परीक्षा के लिए उन्हें बुलाना । यदि कौशल परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उत्तीर्ण नहीं होते हैं तो अतिरिक्त उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा आदि के लिए बुलाया जा सकता है ।

xi. पीएसटी, पीईटी, कौशल परीक्षण (ड्राइविंग, टाइपिंग, स्टेनोग्राफी) इत्यादि का स्वरूप केवल योग्यता पारक है । वांछित योग्यता मानदंड को पूरा करने के अतिरिक्त अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे प्रत्येक चरण अर्थात् लिखित परीक्षा, टाइपिंग/ शॉर्टहैंड परीक्षाओं (जहां कहीं लागू हो) में पृथक रूप से अपनी योग्यता सिद्ध करें ।

xii. योग्यता सूची उन अभ्यर्थियों की ही तैयार की जाएगी, जिन्हें उपरोक्त ञ (i) के अनुसार दिए गए मान अंक प्रदान किए जाते हैं । नियुक्ति के प्रस्ताव अभ्यर्थियों को संबंधित पदों में योग्यता के अनुसार जारी किए जाएंगे ।

xiii. ओएनजीसी विभागीय अभ्यर्थियों/ कार्यकाल आधारित कर्मचारियों को अन्य उम्मीदवारों की तुलना में चयन के मामले में प्राथमिकता दी जाएगी ।

xiv. यदि दो उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं, तो नियुक्ति पत्र उसको दिया जाएगा, जिसके सीबीटी में अधिक अंक होंगे । यदि वहाँ भी समान अंक होते हैं तो अधिक आयु वाले उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा ।

xv. योग्यता सूची [पैरा 'ट (xii)' से 'पैरा (xiv)' के अनुसार] तैयार करते समय यदि अभ्यर्थी का चयन एकाधिक पदों के लिए होता है, तो नियुक्ति का प्रस्ताव अभ्यर्थी को उसके उस पद हेतु जारी किया जाएगा, जिसमें उसने पसंद के क्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया हो । इसके बाद अन्य पदों हेतु उस पर विचार नहीं किया जाएगा, चाहे उन पदों के लिए उसका नाम सूची में ही क्यों न हो । अभ्यर्थी द्वारा दी गई पसंद का क्रम सम्पूर्ण अभ्यास हेतु स्थिर रहेगा तथा परीक्षा के उपरांत इसमें कोई भी परिवर्तन विचारणीय नहीं होगा ।

## ठ. सामान्य अनुदेश

(क) सभी अभ्यर्थियों को पद की अनिवार्य योग्यताओं तथा विज्ञापन में अनुबंधित समस्त शर्तों को अवश्य पूरा करना होगा । उनको सलाह है कि वे आवेदन करने से पूर्व स्वयं को संतुष्ट कर लें । योग्यता से संबंधित सलाह लेने के लिए किसी पूछताछ पर विचार नहीं होगा । परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश विशुद्ध रूप में अस्थायी होगा । अभ्यर्थी को कौशल परीक्षाओं इत्यादि हेतु प्रवेश पत्र / बुलावा पत्र जारी करने मात्र से ही यह नहीं माना जाएगा कि उसकी अभ्यर्थिता को ओएनजीसी ने अंतिम रूप में स्वीकृति दे दी है ।

(ख) अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व./ पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध आरक्षण, इस विषय पर सरकारी अनुदेशों के अनुसार है ।

(ग) अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे केवल ऑनलाइन आवेदन करें । किसी भी व्यक्तिगत / कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(घ) छानबीन तथा चयन अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणों पर आधारित होगा; इस प्रकार यह अनिवार्य है कि अभ्यर्थीगणों को केवल सही, पूर्ण तथा उचित जानकारी प्रस्तुत करनी चाहिए । गलत/ अनुचित जानकारी प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थियों को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा तथा ओएनजीसी ऐसी गलत/ अनुचित जानकारी प्रस्तुत करने के किसी परिणाम हेतु उत्तरदायी **नहीं होगा** ।

(ङ) यदि अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई कोई जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में वर्णित योग्यता मानदंड के अनरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को भर्ती प्रक्रिया के किसी चरण में अथवा भर्ती या ज्वाइनिंग के बाद निरस्त किया जा सकता है ।

(च) लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा हेतु बुलाए गए योग्य अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को रेलवे टिकट अथवा बस टिकट प्रस्तुत करने पर, सबसे छोटे रूट द्वारा आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल/ बस किराया दिया जाएगा (ऐसे अभ्यर्थीगण जो कि अपने पत्राचार पते से निकटस्थ शहर के अलावा परीक्षा हेतु दूसरे शहर का चयन करते हैं, उन्हें **यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा**) ।

(छ) ऑनलाइन आवेदन में घोषित किए गए अनुसार पत्राचार पता, परीक्षा केंद्र/ संवर्ग/ डिसिप्लिन में परिवर्तन हेतु अनुरोधों पर **विचार नहीं किया जाएगा** ।

(ज) **पंजीकरण पर्ची के प्रिंट आउट से छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए** । यदि पंजीकरण पर्ची में कोई ऊपरी लिखावट या छेड़छाड़ होती है तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त हो जाएगी ।

(झ) **अभ्यर्थियों को अपनी पंजीकरण पर्ची/ प्रवेशपत्र/ कौशल परीक्षाओं इत्यादि हेतु बुलावा पत्र की प्रति को भावी संदर्भ हेतु सुरक्षित रख लेना चाहिए ।**

(ञ) **अभ्यर्थीगण जो कि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/ सरकारी सेवा में रोजगार कर रहे हैं, उनसे अपेक्षा होगी कि वे कौशल परीक्षा/ दस्तावेजों की अपलोडिंग के समय पर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ।**

(ट) ओएनजीसी विभागीय अभ्यर्थियों को यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन्होंने ऑनलाइन प्रपत्र में समुचित स्थान पर अपनी स्वयं की ओएनजीसी की सीपीएफ संख्या भर ली है । ऐसा करने में विफल होने पर वे इसे दोबारा नहीं भर सकेंगे तथा उन पर ओएनजीसी के विभागीय अभ्यर्थियों के रूप में विचार नहीं होगा/ उनकी जांच नहीं होगी । किसी विवाद हेतु न्यायालयी अधिकार-क्षेत्र शिवसागर होगा ।

(ठ) अभ्यर्थियों से अपेक्षा होगी कि वे बॉयो-मेट्रिक पहचान जैसे अंगुली के निशान इत्यादि उपलब्ध कराएं ।

## ढ: टिप्पणी

1. इस परीक्षा हेतु आवेदन करनेवाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए समस्त योग्यता शर्तों को पूरा करते हैं । परीक्षा के समस्त चरणों में उनका प्रवेश विशुद्ध रूप से अस्थायी होगा । अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा इत्यादि हेतु प्रवेश पत्र/ बुलावा पत्र जारी करने मात्र से ही यह नहीं माना जाएगा कि उसकी अभ्यर्थिता को ओएनजीसी ने अंतिम रूप में स्वीकृति दे दी है ।
2. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति ओएनजीसी की कर्मचारी नियमावली, 1996 की चिकित्सा परीक्षा के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार उनके द्वारा कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के अधीन है । नियमवाली के विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं ।
3. चयनित अभ्यर्थियों को भारत अथवा विदेश में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है ।
4. कंपनी के बारे में अधिक जानकारी हेतु आप हमारी वेबसाइट: www.ongcindia.com देख सकते हैं ।

## ड. सभी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रकार का पक्ष-प्रचार करता है अथवा वह चयन/ भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को प्रभावित करता है तो तत्काल प्रभाव से उसे अयोग्य ठहरा दिया जाएगा । किसी विवाद की स्थिति में ओएनजीसी के प्रबंधन का निर्णय अंतिम तथा सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा ।

अभ्यर्थियों को भी सलाह है कि वे किसी समाचारपत्र में मुद्रित होनेवाले विवेकहीन विज्ञापनों का प्रत्युत्तर न दें । किसी विज्ञापन की प्रामाणिकता के लिए अभ्यर्थीगण ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर इसकी जांच कर सकते हैं ।

**उमप्र (मा.सं.) – प्रभारी मा.सं./का.सं.**

**ओएनजीसी, असम परिसम्पत्ति, नाजिरा**

**पंजीकरण/ ऑनलाइन आवेदन केवल www.ongcindia.com पर**

***नोट: विज्ञापनों के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।***